खबर संक्षेप

### कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई



**शहडोल।** कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में राजस्व से संबंधति, पीएम किसान, पीएम आवास, सीएम किसान, आर्थिक सहायता, सहित शासन द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से संबंधित शिकायतों के आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण हेतु कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

### निर्माण में तकनीकी मानकों का हुआ उल्लंघन

## सड़क निर्माण में हुई जमकर धांधली, ग्रामीणों ने दी चेतावनी

**शहडोल।** सरकार की तमाम सख्ती के बावजूद ग्राम पंचायतों में फर्जीवाड़ा और घोटाला थमने का नाम नहीं ले रहा है, अक्सर ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यो में घोटाले की खबरे सामने आती रहती है, ग्रामीण क्षेत्रों की भोली-भाली जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि अर्थात सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और उपयंत्री द्वारा निर्माण कार्यो में तकनीकि मापदण्डों एवं कायदों की खुलकर धज्जियां उड़ाई जा रही है।भ्रष्टाचार के दलदल में गले तक डूबी सोहागपुर जनपद की पंचायतों के लिए लाखों रुपए डकार जाना आम बात है। भले ही दर्जनों शिकायतें होती हों, लेकिन सचिवों के लिए अफसरों की रहमत कभी कम नहीं होती। निर्माण की पुष्टि, गुणवत्ता की जांच, मौका मुआयना तो शायद अफसरों की ड्यूटी से ही निकाल दिया गया है। जनपद पंचायत सोहागपुर की ग्राम पंचायत करकटी में भ्रष्टाचार का रेला बह रहा है, हर निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है, लेकिन उक्त निर्माण कार्य की जांच और कार्यवाही किसी के बस में नहीं है, सचिव-सरपंच और उपयंत्री खुद को स्वयं भू मानकर धड़ल्ले से मनमाफिक शासन के खजाने में सेंध लगा रहे है, इस पूरे खेल को वह स्थानीय सत्ताधारी दल के नेता के साथ मिलकर खेल रहे हैं, लेकिन किसी पर कार्यवाही न होना आश्चर्य की बात है।



### निर्माण कार्य में फर्जीवाड़ा

ग्रामीण क्षेत्रों के चहुंमुखी विकास के लिए क्रियान्वित पंचायती राज व्यवस्था भ्रष्टाचार के चंगुल में फ ंस कर बेपटरी हो चुकी है। अब यहां विकास के नाम पर केवल भ्रष्ट गतिविधियां ही संचालित हो रहीं हैं, लाखों रुपए का बजट डकार लिया जाता है जबकि ग्रामीणों को इसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। प्रशासन के बड़े अधिकारी इस पर अंकुश लगाने की बजाय उसी भ्रष्टाचार के पोषक बने हुए हैं। सोहागपुर जनपद अंतर्गत स्थित करकटी पंचायत भी भ्रष्टाचार की अंधी दौड़ में सबको पीछे छोड़ रही है। यहां होने वाले निर्माण कार्यों में जमकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, इसमें केवल सरपंच, सचिव व उपयंत्री ही लाभ कमा रहे हैं। चर्चा यह भी है कि यहां के निर्माण कार्यों में स्थानीय भाजपा नेताओं का हस्तक्षेप है। सारा लाभ नेताओं की झोली में जा रहा है। हाल ही में एक सीसी रोड निर्माण के मामले में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। इस पर ग्रामीणों ने अधिकारियों से न केवल जांच की मांग की है बल्कि धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी है।

### सडक़ पर बनी सडक़

करकटी के वार्ड नंबर 19 में लवकेश के घर से अच्छे लाल के घर तक एक सीसी सडक़ का निर्माण हुआ और लाखों रुपए फूंके गए। लेकिन यह सडक़ पूरी तरह से अनुपयुक्त और तकनीकी मानकों के विपरीत है। बताते हैं कि इस जगह पर पहले से ही एक सडक़ बनी हुई थी जो कि काफी पुरानी और जीर्णावस्था में थी। इसी के ऊपर फिर से सडक़ बना कर रकम डकार ली गई। चूंकि सडक़ पर सडक़ बना दी गई, इसलिए इसमें गुणवत्ता का नामोनिशान भी नहीं है। सडक़ निर्माण के लिए ग्रामपंचायत निर्माण एजेंसी रही है, ग्रामपंचायत के कार्यों पर न तो इंजीनियर ने मौका मुआयना कर भौतिक सत्यापन किया और गुणवत्ता देखी न अधिकारियों ने मॉनीटरिंग की और मनमानी ढंग से सडक़ का निर्माण कर दिया गया, इस निर्माण से ग्रामीण असंतुष्ट हो चले हैं।

### निर्माण के मानक लापता

सीसी सडक़ के निर्माण के समय गुणवत्ता के लिए जिन तकनीकी मानकों का पालन किया जाना चाहिए उनका कोई पालन नहीं किया गया। सडक़ का निर्माण बिना बेसमेंट के ही कर दिया गया, ऐसा शायद इसलिए किया गया, क्योंकि इसमें पहले से ही एक सडक़ बनी हुई थी, उसी का बेस काम आया। सडक़ की मजबूती के लिए गिट्टी, सीमेट की न तो पूर्णरूपेण भराई की गई और न ब्राइबेटर का उपयोग किया गया। सडक़ किनारे पटरी की भराई भी नहीं की गई। इसके अलावा यहां एक बड़ी खामी यह भी है कि अगल बगल नालियों का निर्माण नहीं कराया गया है। पानी निकलने की कोई गुंजाइश नहीं रखी गई है।

### चोरी का मटेरियल लगा

सडक़ निर्माण में रेता का उपयोग हुआ, लेकिन वह रेता चोरी का लाया गया है, ग्रामीणों ने बताया कि जिस तादात में गिट्टी और सीमेंट का उपयोग होना चाहिए था वह भी नहीं किया गया है। यहां सडक़ का निर्माण नहीं बल्कि निर्माण के नाम पर केवल एक दिखाऊ ढांचा खड़ा कर दिया गया है और रकम डकार ली गई है। इस मामले में सरपंच व सचिव कहते हैं कि उन्हे कुछ पता नहीं है, उपयंत्री ने भी हाथ खड़े कर दिए हैं। ज्ञात हुआ है कि यह कार्य किसी भाजपा नेता की ठेकेदारी में हुआ है। उसने जमकर भ्रष्टाचार किया है। साथ ही वह सब पर दबाव बना रहा है कि उसके कार्य में कोई दखल नहीं दिया जाए। लेकिन ग्रामीणों ने इसकी शिकायत करने की मंशा जताई है। इसके पहले भी निर्माण कार्यों में यही होता रहा है।

## आम रास्ते को बनाया मेढ़, इधर सरकारी भूमि से वसूल रहे किराया



**बुढ़ार।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत शासकीय भूमि पर लगातार अतिक्रमण के मामले और शिकायतें सामने आ रही हैं, बावजूद इसके स्थानीय तहसीलदार इस संदर्भ में शिकायतों के बाद भी कोई ठोस कदम उठाती नजर नहीं आ रही हैं, बुढ़ार नगर परिषद से सटा ग्राम पकरिया इन दिनों भू-माफियाओं की पहली पसंद बन चुका है। पूर्व में शासकीय भूमि पर कब्जा कर उस भू-खण्ड को निजी कंपनी पर अस्थाई भवन भाड़े पर देने का मामला सामने आया था, कार्यवाही नहीं हुई तो, क्षेत्र में अन्य के भी हौसले बढने लगे। मंगलवार को ग्राम पंचायत पकरिया की सूचना पर स्थानीय पटवारी ने ग्रामीणों के साथ मिलकर समदाटोला के बरगाही बस्ती मुख्य मार्ग पर हो रहे अतिक्रमण का निरीक्षण किया, जांच से यह तथ्य भी सामने आये कि स्थानीय दबंग ने सडक़ पर ही मिट्टी डालकर अपने खेत की सरहद बनाने का प्रयास किया जा रहा था।

### ग्रामीणों ने लगाये खुलकर आरोप

समदाटोला में रहने वाले ग्रामीण मंगलवार को स्थानीय पटवारी के मौका, मुआयना व जांच के दौरान मौजूद रहे, लगभग 60 वर्षीय शुकलू ने बताया कि कई सालों पहले यहां पर पंचायत ने सडक़ बनवाई थी, जब से उसे याद है, यहां पर चौड़ी सडक़ रही है, वहीं रम्मू नाम के एक अन्य ग्रामीण बताते हैं कि कमल भान नामक व्यक्ति के द्वारा इससे पहले भी अपने खेत की सरहद को10 फिट बढ़ाया गया था, बीते सप्ताह फिर कहीं से मिट्टी लाकर सडक़ पर डाल दी और अब उसे अपने खेत की मेढ़ बता रहा है। मौके पर उपस्थित एक अन्य ग्रामीण भी इस मामले में कहा कि आस-पास का काफी रकवा सरकारी भूमि है, जिसकी जांच पहले भी हो चुकी है, लेकिन अतिक्रमण किया जा रहा है।

### जांच के बाद देंगे नोटिस

पकरिया में रहने वाले समाजसेवी बुद्धू चौधरी ने बताया कि खसरा नंबर 115/1 कुल रकवा 2.209 जो शासकीय भूमि है, उस पर कब्जा किया गया है, हालाकि मौके पर उपस्थित पटवारी ने बताया कि शिकायत के बाद जांच की जा रही है, ग्रामीणों के बयान और मौका, पंचनामा आदि तैयार कर रिपोर्ट तहसीलदार को सौंपी जायेगी। जिसके ऊपर अतिक्रमण के आरोप लगे हैं, उन्हें नोटिस देकर शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जायेगा। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी पकरिया ग्राम के ही जल्दीटोला की आराजी खसरा नंबर 161 कुल रकवा 1.329 हेक्टेयर शासकीय भूमि आज भी दर्ज हैं, लेकिन यहां भी अतिक्रमण कर उस पर निर्माण किया गया है, इस मामले की जांच अर्से से लंबित ही चल रही है।

## बस्ती के बीच पोल्ट्रीफार्म, बच्चे बीमार, दुर्गन्ध ने किया बेहाल

**धनपुरी।** पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 16/17 घनी बस्ती के बीच लगातार पोल्ट्रीफार्म की संख्या बढ़ती जा रही है। यहां से निकलने वाली दुर्गन्ध और फेंके जाने वाले कचरे से आस-पास रहने वाले बच्चों को बीमारियां अपनी चपेट में ले रही है, स्थानीय नेताओं और निकाय के कर्मचारियों को विश्वास में लेकर यहां पोल्ट्रीफार्म तो संचालित कर दिये गये, लेकिन अब इनसे उत्पन्न संक्रमण बच्चों को अपनी चपेट में ले रहा है, मामले की शिकायत नगर पालिका से लेकर स्थानीय थाने और बीएमओ को बीते दिवस की गई थी, इस मामले में मंगलवार को ब्लाक मेडिकल अधिकारी के निर्देश पर चिकित्सा दल मौके पर तो पहुंचा, लेकिन बिना पोल्ट्रीफार्म का निरीक्षण किये ही लौट गया।

अस्पताल पहुंच रहे नौनिहाल

पोल्ट्रीफार्म से उठ रही दुर्गन्ध और हो रही परेशानी की शिकायत 13 मार्च को स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद से की थी, शिकायत



में यह भी बताया गया कि वार्ड और आस-पास के लगभग 2 दर्जन बच्चे इसी दुर्गन्ध और संक्रमण से ग्रस्ति होकर अस्पताल पहुंच चुके हैं, शिकायत में 2 दर्जन बच्चों के नाम और उनकी मेडिकल रिपोर्ट जांच के लिए सौंपी गई थी, शिकायतकर्ता यह भी कह रहे हैं कि मरी हुई मुर्गियों को यहीं फेंक देते हैं, यहां से निकले कचरे का भी नियमतः निष्पादन नहीं होता, पोल्ट्रीफार्म को बंद कराकर अन्यत्र स्थानांतरित कराया जाये।

### आरोपियों के कब्जे से 18 नग मवेशी जब्त

**शहडोल।** जिले के जैतपुर थाना क्षेत्रांतर्गत 18 मार्च को रात्रि गश्त के दौरान वन विभाग द्वारा सूचना मिली कि कुछ लोग अवैध रूप से मवेशियों को क्रूरतापूर्वक खोढरी तिराहा की तरफ से 03 पिक-अप वाहन 18 नग भैंस-पड़वा लेकर जा रहा है, जिन्हें वन विभाग द्वारा खोढरी तिराहा में रोक कर पकड़ा गया है, वाहन रोकने के दौरान तीनों पिक-अप वाहन के चालक घटनास्थल से फरार हो गये। सूचना पर जैतपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए सूचना स्थान पर घटनास्थल में सघन खोज-बीन की गई, वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में 18 नग भैंस पड़ा क्रूरतापूर्ण बांधे हुए प्राप्त हुए, अज्ञात आरोपी न मिलने से दस्तयाबशुदा मवेशियों को पुलिस द्वारा गौशाला लाया गया। जैतपर पुलिस द्वारा उक्त 18 नग मवेशियों को जप्त कर अज्ञात आरोपीयों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया,



## गद्य विधा पर साहित्य लेखन आवश्यक

**शहडोल ।** जिले में पहली बार गद्य विधा पर आधारित गद्य गोष्ठी का आयोजन 17 मार्च को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित किया गया। इस आयोजन में कहानीकार, उपन्यासकार और रिपोर्ताज के लेखक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी फणीश्वर नाथ रेणु का स्मरण किया गया। कार्यक्रम में छाया गुप्ता ने उपन्यास कार फणीश्वर नाथ रेणु के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला ।और उनका जीवन परिचय प्रस्तुत किया। नीलेश गौतम ने गद्य प्रवाह समूह के उपादेयता पर विस्तृत चर्चा की और कहा कि पद्य की विधाओं के साथ गद्य विधाओं पर भी नगर के साहित्यकारों की कलम चलनी चाहिए, ताकि हम आगामी पीढ़ी को एक साहित्यिक विरासत सौंपने के दायित्व निर्वहन कर सकें। रजनीश सोनी ने गद्य की विविध विधाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गद्य की अनेकों विधाओं में रचना करके बहुआयामी विचार अभिव्यक्त किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने लेखकीय तौर तरीकों पर भी संक्षिप्त चर्चा किया । साहित्यकार नलिनी तिवारी ने कहा कि मैने अनेक लेखकों की पुस्तकें पढ़ी हैं। आज गद्य प्रवाह के शुभारंभ से अब हम भी गद्य विधा में लिखने का प्रयास करेंगे। परमानंद तिवारी ने कहा कि गद्य में हम अपने दैनिक वार्तालाप करते हैं किंतु लिखने में पद्य को ही सरल मानते हैं लेकिन गद्य लेखन इतना सहज नहीं है। अतः गद्य प्रवाह समूह में जुडक़र जिले के युवा साहित्य सर्जक गद्य में भी लिखेंगे और अपनी भावनाओं को विस्तार देंगे। साहित्यकार किरण सिंह शिल्पी ने पिता को लेकर एक प्रेरक संस्मरण साझा किया और कोरोना काल की महामारी में मृत्यु के ताण्डव और परिजनों वेदना का चित्र खीचती हुई एक लघुकथा प्रस्तुत की ।डाइट के प्राचार्य रमाशंकर गौतम ने गद्य प्रवाह शहडोल इकाई के शुभारंभ को ऐतिहासिक बताया । कहा कि गद्य विधा को समर्पित जिले का यह पहला समूह है। इससे भविष्य में हमारे युवा सर्जकों को अवश्य ही प्रेरणा मिलेगी और गद्य की विधा पर भी विधिवत कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। साहित्यकार शिरीष नंदन श्रीवास्तव संस्मरणात्मक शैली में सिहरन प्रस्तुत किया। इस संस्मरण के माध्यम से रात्रिकालीन भयावह जंगल, और हिंसक जानवरों के आक्रमण का चित्रण करते हुए तेंदुए से साक्षात्कार का अनुभव सुनाया। कार्यक्रम में अंत में गद्य प्रवाह शहडोल इकाई की संयोजक जनक कुमारी सिंह बघेल ने कहा कि जैसे गद्य गिद्ध, गौरैया और काग की तरह भी विलुप्त प्राय न हो जाए अतः गद्य का व्यवस्थित समूह बनाना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन शिरीष नंदन श्रीवास्तव ने किया। गद्य गोष्ठी में रचनाकार छाया गुप्ता, प्रबुद्ध एवं वरिष्ठ साहित्यकार परमानंद तिवारी, शिवसेन जैन, रजनीश सोनी, नीलेश गौतम, डाइट प्राचार्य रमा शंकर गौतम और किरण सिंह शिल्पी , मिश्रा, शिरीष नंदन श्रीवास्तव, मोहनीश गुप्ता सतेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे।

### घर के सामने गंदगी फेंकने वाले के खिलाफ मामला दर्ज

**शहडोल।** जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में कुछ शरारती तत्वों द्वारा एक सैलून संचालक के घर के आंगन में लगातार मटकी में गंदगी भरकर फेंका जा रहा और पत्थर फेंका जा रहा है, जिससे आहत सैलून संचालक ने मामले की शिकायत थाने में की है, पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की पड़ताल जुट गई है। घटना के संबंध में बताया गया कि सरईकांपा क्षेत्र में रहने वाले नापित जो कि सैलून चलते है, पिछले कुछ दिनों से उनके घर के दरवाजे में कुछ शरारती तत्वों द्वारा पहले पत्थर मारते है, फिर मटकी में मल भरकर उनके घर में फेंक कर फरार हो जाते है। यह घटना कोई एक बार नहीं बल्कि 14 तारीख से लगातार हो रही है। उनके परिवार में बहना बेटियां है, जिससे उनके परिवार में समाज में विपरीत असर पड़ रहा है । शरारती तत्वों की इस घटना से वो और उनका परिवार न केवल भयभीत है, बल्कि उनका क्षेत्र में मजाक उड़ाया जा रहा है। उनका मानना है कि वहीं के रहने वाले कुछ शरारती तत्वों द्वारा उनको परेशान करने के उद्देश्य से इस तरह की ओछी हरकत की जा रही है। जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शरारती तत्वों के इस गंदी हरकत से परेशान नापित ने मामले की लिखित शिकायत बुढार थाने में की है, पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।




# समाज कार्य के विद्यार्थी सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं

**शहडोल।** विश्व समाज कार्य दिवस के उपलक्ष्य में पंडित शंभू नाथ शुक्ल विश्वविद्यालय विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नीलिमा खरे के मार्गदर्शन में ऑनलाइन परिचर्चा प्रसारित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर समाज के बीच कार्य कर रहे या इंजीनियर एवं स्वयं सेवक संजय नायक तथा मुख्य वक्ता डॉ दिलीप तिवारी , स्कॉलर (ट्राइबल स्टडी), कंसल्टेंट एनसीएसटी न्यू दिल्ली अमृतलाल प्रजापति, कार्यक्रम संयोजक नितिन गर्ग,सह संयोजक अर्पित दुबे। मुख्य वक्ता डॉ.दिलीप तिवारी ने विश्व समाज कार्य दिवस की थीम स्थायी कल्याण के लिए अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता को मजबूत करना विषय को विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया। जिसमें अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता अर्थात विभिन्न पीढ़ियों के बीच सहयोग, समर्थन और समझ को बढ़ावा देना ताकि समाज में समरसता बनी रहे और सभी की भलाई सुनिश्चित की जा सके। यह एक सामाजिक प्रक्रिया है, जिसमें बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों के बीच ज्ञान, संसाधन और अनुभवों का आदान-प्रदान होता है।

प्रज्ञावान लभते ज्ञानं स्थायी कल्याण और अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता स्थायी कल्याण का उद्देश्य केवल वर्तमान पीढ़ी की भलाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि आने वाली पीढ़ियों को भी समान अवसर और संसाधन प्राप्त हों। जब विभिन्न पीढ़ियाँ एक साथ मिलकर सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करती हैं, तो समाज अधिक समावेशी और टिकाऊ बनता है। अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता को मजबूत करने के उपाय पर प्रकाश डाला की ज्ञान और अनुभवों का हस्तांतरण अर्थात बुजुर्गों के पास जीवन का लंबा अनुभव और मूल्यवान ज्ञान होता है, जिसे वे युवाओं को सिखा सकते हैं। डॉ.दिलीप तिवारी ने उदाहरण भी दिया गांवों में बुजुर्ग किसानों द्वारा जैविक खेती और पारंपरिक कृषि तकनीकों की जानकारी युवाओं को देना। परिवार और समाज में सम्मान और सहानुभूति बढ़ाना परिवारों में बुजुर्गों और युवाओं के बीच संवाद बढ़ाने के लिए नियमित बैठकें और कार्यक्रम आयोजित करना ऐसी सीख भी समाज कार्य के विद्यार्थियों को भी इंगित किया । तकनीक और आधुनिकता के बीच सामंजस्य के बात भी रखी के आज युवा पीढ़ी तकनीकी रूप से कुशल है एवं वो बुजुर्गों को डिजिटल साक्षर कर सकते है। डिजिटल बैंकिंग, स्मार्टफोन और ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग करने के लिए बुजुर्गों को प्रशिक्षित करना।



अंतर-पीढ़ीगत कार्यक्रमों का आयोजन सामाजिक संगठनों द्वारा वृद्धाश्रम और स्कूलों/ कॉलेजों के बीच साझेदारी कराना ताकि छात्र बुजुर्गों के साथ समय बिता सकें। वैसे विश्वविद्यालय के एम एस डब्लू के छात्र लगातार वृद्धाश्रम भ्रमण करते रहते है । नीतियों और योजनाओं में सभी पीढ़ियों को शामिल करना, सरकारी योजनाओं में युवाओं और बुजुर्गों दोनों को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम बनाना उदाहरण के लिए ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनाओं में बुजुर्गों को परामर्शदाता के रूप में जोड़ा जा सकता है । सामाजिक और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व समाज में टिकाऊ विकास की अवधारणा को अपनाते हुए विभिन्न पीढ़ियों को जलवायु परिवर्तन और संसाधन संरक्षण के प्रति जागरूक कर सकते है । विशिष्ट वक्ता अमृत प्रजापति जिन्होंने ट्राइब्स पर शोध किया एवं वर्तमान में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजातियों आयोग न्यू दिल्ली में कंसल्टेंट के रूप में सेवा दे रहे है । उन्होंने बहुत ही सारगर्भित वक्तव्य को चर्चा के दौरान रखा। मुख्य कार्यो को साझा किया जैसे शिकायतों की सुनवाई अनुसूचित जनजाति के किसी भी व्यक्ति या समुदाय की शिकायतों की जाँच और निवारण करना। सरकारी योजनाओं की निगरानी केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा अनुसूचित जनजातियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों की निगरानी करना। सिफारिशें देना जनजातीय कल्याण के लिए सरकार को नीतिगत सिफारिशें देना। रिपोर्ट प्रस्तुत करना राष्ट्रपति को वार्षिक रिपोर्ट और विशेष रिपोर्ट प्रस्तुत करना, जिसमें जनजातियों की स्थिति और उनके विकास के बारे में जानकारी होती है। उन्होंने बताया की अनुसूचित जनजाति भारत की वे आदिवासी और पारंपरिक जनजातियाँ हैं, जिन्हें भारतीय संविधान की अनुसूची 5 और अनुसूची 6 के तहत विशेष मान्यता दी गई है। इन समुदायों को सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ा माना जाता है, इसलिए सरकार इनके विकास और कल्याण के लिए विशेष योजनाएँ और आरक्षण प्रदान करती है। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग भारत सरकार का एक संवैधानिक निकाय है, जिसे अनुसूचित जनजातियों के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। यह आयोग संविधान के अनुच्छेद 338 के तहत कार्य करता है और यह अनुसूचित जनजातियों की समस्याओं को सरकार तक पहुँचाने और उनके समाधान के लिए नीतिगत सुझाव देने का कार्य करता है। अमृत जी समाज कार्य के विद्यार्थियों को समाज कार्य के विद्यार्थी अनुसूचित जनजातियों के कल्याण में किस प्रकार योगदान दे सकते हैं? समाज कार्य के विद्यार्थी अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वे विभिन्न स्तरों पर अनुसंधान, जागरूकता, नीति निर्माण, सामुदायिक विकास और कल्याणकारी कार्यक्रमों में योगदान कर सकते हैं। शिक्षा और जागरूकता अभियान चलाना अनुसूचित जनजातियों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूलों और समुदायों में कार्य करना। जनजातीय बच्चों के लिए शिक्षा और छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी देना। वयस्क साक्षरता कार्यक्रमों का संचालन। स्वास्थ्य और पोषण कार्यक्रमों में योगदान स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं की जानकारी देना और इनके लाभ सुनिश्चित कराना। आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के बीच समन्वय स्थापित करना। सामाजिक अधिकारों की सुरक्षा में भागीदारी अनुसूचित जनजातियों के संवैधानिक अधिकारों की जानकारी देना और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कार्य कर सकते है । वन अधिकार अधिनियम और अन्य कल्याणकारी नीतियों पर समुदाय को जागरूक कर सकते है । पुलिस और प्रशासन के साथ समन्वय कर अनुसूचित जनजातियों को कानूनी सहायता दिलाना।आजीविका और आर्थिक सशक्तिकरण जनजातीय समुदायों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास और स्वरोजगार योजनाओं से जोडऩा। स्वयं सहायता समूह बनाना और महिलाओं को वित्तीय साक्षरता सिखाना। जनजातीय उत्पादों (हस्तशिल्प, कला, जैविक खेती) को बाजार तक पहुँचाने में मदद करना। अनुसूचित जनजातियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति, समस्याओं और आवश्यकताओं पर शोध करना। अनुसूचित जनजातियों की जीवनशैली, संस्कृति, शिक्षा और स्वास्थ्य पर सर्वेक्षण करना। अनुसंधान रिपोर्ट तैयार कर नीति-निर्माताओं और सरकारी एजेंसियों को सुझाव देना। नीति निर्माण और सरकार और गैर-सरकारी संगठनों के साथ मिलकर ऐसी नीतियाँ बनाने में सहायता कर सकते है जो अनुसूचित जनजातियों के कल्याण को बढ़ावा दें। अनुसूचित जनजाति आयोग और अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय कर काम कर सकते है । सांस्कृतिक संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी से अनुसूचित जनजातियों की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और उन्हें मुख्यधारा से जोडऩे का प्रयास किया जा सकता है । स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर पारंपरिक कला, नृत्य, संगीत और शिल्प को बढ़ावा दिया जा सकता है ।सांस्कृतिक मेलों और प्रदर्शनियों का आयोजन किया जा सकता है । आभार डॉ.चंद्रकांत ने प्रस्तुत किया । उस दौरान विश्वविद्यालय के छात्र ऑनलाइन लिंक में उपस्थित रहे ।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने राजनैतिक दलों के साथ किया ईव्हीएम गोदाम का निरीक्षण

**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने राजनैतिक दलो के साथ ईव्हीएम गोदाम का त्रैमासिक निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होने ईव्हीएम कक्ष, परिसर की सुरक्षा व्यवस्था आदि का जायजा लिया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से धनुषधारी सिंह, राजीव सिंह बघेल, प्रदीप रजक, केशकली सिंह, निर्वाचन सुपरवाईजर हरिशंकर झारिया उपस्थित रहे।

### एसडीएम पाली ने किया प्राथमिक पाठशाला मलहदू का निरीक्षण



**उमरिया।** अनुविभागीय अधिकारी पाली अंबिकेश प्रताप सिंह को प्राथमिक पाठशाला मलहदू में मध्यान्ह भोजन नही मिलने की शिकायत प्राप्त होने पर पाठशाला का औचक निरीक्षण किया एवं स्व सहायता समूह को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए समय सीमा में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए । श्री सिंह कहा कि जवाब संतुष्टिपूर्वक नही मिलने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। निरीक्षण के समय उन्होंने बच्चों से पठन-पाठन, मध्यान्ह भोजन आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

### योजना के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य प्राप्त करनें के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में जिले के समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए है कि वित्तीय वर्ष अंतर्गत उनके विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य अनिवार्य रूप से प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं तथा स्वरोजगार योजनाओं का संचालन किया जाता है, उनके भी भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य प्राप्त करें । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### भांजा हुआ गुम, मामला ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**कोतमा।** थाना अंतर्गत लहसूई गांव वार्ड क्रमांक 15 में रहने वाले मोहन यादव ने अपने अपने भांजे सुमित यादव 19 वर्ष के गुम होने को लेकर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। सूचना पर पुलिस ने गुम इंसान कायम करते हुए तलाश में जुट गई है। बताया जाता है कि कॉलेज की पढ़ाई करने वाले छात्र सुमित सोमवार की रात को अचानक बिना बताए घर से चला गया जिसे परिजनों द्वारा पास पड़ोस एवं अन्य संभावित जगहों में पता तलाश के बाद भी न मिलने पर थाने में सूचना दी गई

### दो दिवसीय कृषि विज्ञान मेला एवं कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा

**उमरिया।** परियोजना संचालक आत्मा संग्राम सिह मरावी ने बताया कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना कोदो कुटकी उत्पादन वृद्धि एवं मूल संवर्धन योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में दो दिवसीय कृषि विज्ञान मेला एवं कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन 22 मार्च एवं 23 मार्च को कृषि उपज मण्डी प्रांगण में आयोजित किया गया है। जिले के समस्त अन्नदाता कृषक बंधुओं से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर खेती किसानी को लाभ का धंधा बनावें। कृषि विज्ञान मेला में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग, मछली पालन एवं कृषि अभियांत्रिकी से संबंधित शासन द्वारा चलाई जा रही समस्त विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनियों का अवलोकन कर तकनीकी जानकारी प्राप्त करें ।

## कलेक्टर ने सुनी आम जनों की समस्यायें



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले के दूर दराज से आये लोगो की समस्याओं को सुना तथा उनका निराकरण भी कराया। जनसुनवाई में हीना कोल ग्राम महिमार ने आधार कार्ड बनवाने, कमलेश गडारी , परमेश कुमार गडारी ग्राम मडवा ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, मुस्कान सोनी ग्राम बिलासपुर ने आधार कार्ड में जन्म तिथि सुधरवाने, विशंभर सिंह, विरेन्द्र सिंह, सुदर्शन सिंह ग्राम बड़ार ने पुस्तैनी श्मशान घाट से अतिक्रमण हटवाये जाने, राम गोपाल ग्राम पथरहठा ने राशन पर्ची दिलाये जाने, राकेश विश्वकर्मा ग्राम बड़ेरी ने मजदूरी का पैसा दिलाने, मुनीम पटेल ग्राम नौगवां ने आम रास्ते से अतिक्रमण हटवाये जाने, पडसू बैगा ग्राम सलैया ने आराजी खसरे की भूमि वापस दिलाने, सतीश यादव ग्राम मरई ने हैंडपंप की मरम्मत कराने, रवि रैदास बल्हौड ग्राम ने बकाया मजदूरी का पैसा दिलाने तथा रामधुन यादव ग्राम सेमरिया ने विवाह सहायता दिलाने संबंधी आवेदन किया। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले सहित जिला प्रमुख अधिकारियों ने भी आम जनों को सुनते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

## रील बनाओ, वायरल करो, शानदार ईनाम पाओ

**पांच सबसे अधिक वायरल रील बनाने वालों को किया जाएगा पुरस्कृत**

**उमरिया।** जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना अंतर्गत मध्यप्रदेश में कचरा प्रबंधन से संबंधित प्रमुख चुनौतियो को हल करने के प्रयासों में युवाओ, रचनाकर्मियो, विद्यार्थियो के लिए राज्य स्तरीय रील्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है । प्रतियोगिता का उददेश्य नागरिकों , विशेषकर युवाओ को सुरक्षित अपशिष्ट निपटान से संबंधित विचारो, समाधानों या सुझावो को उजागर करने वाले वीडियो बनाने के लिए प्रेरित करना है । राज्य स्तरीय स्वच्छ एमपी रील्स प्रतियोगिता के संबंध में वीडियो 15 अप्रैल तक वेबसाइट पर शेयर किए जा सकते है । परिणाम की घोषणा 22 अप्रैल को होगी । रील का विषय गीला सूखा कचरा अलग-अलग रखने, कचरे का दोबारा उपयोग करने, तथा खुले में कचरा नही फैलाना है । किसी एक विषय पर रील बनानें के बाद ट्वीटर, फेसबुक, यू ट्यूब पर शेयर करे। रील को वेबसाइट पर सबमिट करें। पांच सबसे अधिक वायरल रील बनानें वालो को प्रथम पुरस्कार दो लाख रूपये, व्दितीय पुरस्कार 1 लाख, तृतीय पुरस्कार 50 हजार तथा सांत्वना पुरस्कार 25 हजार रूपये प्रदाय किए जाएगे।

## कलेक्टर एवं जिला की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों की बैठक संपन्न

**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न हुई । बैठक में राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों ने ईपिक कार्ड का वितरण पोस्ट आफिस से न कराकर बीएलओ के माध्यम से करानें तथा वोटर लिस्ट को पेन ड्राईव में देने संबंधी अपने सुझाव दिये। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया ,मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से धनुषधारी सिंह, राजीव सिंह बघेल, प्रदीप रजक, केशकली सिंह , नीरज यादव , निर्वाचन सुपरवाईजर हरिशंकर झारिया उपस्थित रहे।



## जमीनी विवाद का मामला पहुंचा थाने

कोतमा। समीपी गांव रेरुला में रहने वाली 52 वर्षीय महिला सुखवरिया पति अवधलाल के द्वारा अपने काका ससुर सुंदर कोल के खिलाफ जमीनी विवाद पर गाली गलौज कर डंडे से मारपीट करने व जान से मारने की धमकी को लेकर मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने महिला की शिकायत एवं मेडिकल रिपोर्ट उपरांत गाली गलौज, मारपीट की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच कर रही है। बताया जाता है कि दोनों पक्ष आपस में रिश्तेदार हैं जिनके बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद बना हुआ है और बीच-बीच में लड़ाई झगड़ा किया जाता है। इधर सुंदर कोल निवासी रेउला ने भी थाने पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई की शोभन, शिवकरण, प्रभु एवं अन्य लोगों द्वारा आए दिन जमीन विवाद को लेकर रंजिश रखते हुए गाली गलौज करते है। मना करने पर मारपीट कर दिए एवं जान से मारने की धमकी भी देते है। फरियादी की रिपोर्ट व मेडिकल उपरांत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच कर रही है।



## ई आफिस प्रशिक्षण ई दक्ष केंद्र जिला पंचायत में प्रारंभ

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि तृतीय चरण में 31 मार्च तक प्रदेश के समस्त जिलो, संभागों में पूर्णतः ई आफिस कार्य प्रणाली लागू की जानी है, जिसके परिपालन में उमरिया जिले में भी निर्धारित तिथि में ई आफिस परियोजना का सुचारू रूप से क्रियान्वमयन किया जाना है। इस के लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एन आईसी उमरिया को परियोजना का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है साथ ही ई आफिस का प्रशिक्षण प्रदाय किए जाने हेतु मास्टर ट्रेनर्स की टीम गठित की गई है जिनके व्दारा कार्यालय प्रमुखों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रथम दिन ई ऑफिस प्रणाली के प्रशिक्षण में 12 विभागों के 33 अधिकारी एवं कर्मचारियों ने ई-ऑफिस का व्यवहारिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त किया । यह प्रषिक्षण 19 मार्च तक चलेगा।

## जिले के 81 केन्द्रों में 8766 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, नहीं बना नकल का प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार सोमवार 17 मार्च को हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के अंतर्गत कक्षा 12वीं के रसायन शास्त्र, इतिहास, व्यवसायिक अध्ययन , और एली ऑफ साइंस विषय की परीक्षा जिले के 87 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान दर्ज कुल 8874 परीक्षार्थियों में से 8766 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा 108 परीक्षार्थी परीक्षा के दौरान अनुपस्थित पाए गए।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में जिले में कक्षा 12वी बोर्ड की परीक्षाएं शांतिपूर्ण तरीके से संचालित हो रहीं है। कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर बोर्ड परीक्षाओं के निरीक्षण के लिए नियुक्त किए गए अधिकारियों एवं गठित दल द्वारा बुधवार को परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर संचालित परीक्षाओं का औचक निरीक्षण जा रहा है।

सोमवार को आयोजित हाई स्कूल परीक्षा 2025 के दौरान मंडल के निर्देशानुसार परीक्षा केन्द्रों में नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों द्वारा प्रश्नपत्र थाने से निकालने एवं परीक्षा केन्द्र तक ले जाने व परीक्षा केन्द्र में मोबाइल एप के माध्यम से किये जाने वाले कार्य की मॉनिटरिंग की गई व समय पर सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा प्रारंभ करने के पश्चात निर्धारित प्रारूप में जानकारी माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की ओर भेजने के निर्देश दिए गए।

## निर्वाचन आयोग चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनाने पार्टी अध्यक्षों और नेताओं से करेगा बातचीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**दलों से अनिराकृत मुद्दों के लिए 30 अप्रैल 2025 तक मांगे सुझाव**

भारत निर्वाचन आयोग ने कानून ढांचे के अंतर्गत चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। आयोग ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से ईआरओ, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय स्तर पर अनिराकृत प्रकरणों की 30 अप्रैल, 2025 तक जानकारी मांगी है। आयोग ने इस संबंध में राजनीतिक दलों को व्यक्तिगत रूप से पत्र भी जारी किया है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक सम्मेलन किया गया था। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी, जिसमें उन्होंने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठक करने और प्राप्त सुझावों पर नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए थे। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का आग्रह भी किया है।

चुनाव प्रकिया से संबंधित 28 हितधारक हैं, जिसमें राजनीतिक दल एक प्रमुख हितधारक है। जिन्हें संविधान और वैधानिक ढांचे के तहत चुनावी प्रक्रियाओं से जुड़े सभी पहलुओं में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्यता दी गई है।आयोग द्वारा राजनीतिक दलों को जारी किए गए पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960, चुनाव संचालन नियम 1961, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

## 89.36 फीसदी सीमांकन प्रकरणों का निपटारा, कटनी नगर अग्रणी

**शेष प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने दिये आदेश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



आम नागरिकों की राजस्व संबंधी समस्या के निराकरण हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा जिले मे सीमांकन प्रकरणों के निराकरण हेतु दुत गति से कार्यवाही की जा रही है। सोमवार 17 मार्च की स्थिति में जिले की 9 तहसीलों के 31 न्यायालय में प्राप्त कुल 12 हजार 151 सीमांकन प्रकरणों में 10 हजार 858 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है तथा 1293 सीमांकन प्रकरण निराकरण हेतु शेष है। कलेक्टर नें राजस्व अधिकारियों को शेष प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए है।

सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के मामले में जिले की कटनी नगर तहसील पहले स्थान पर है। यहां सोमवार 17 मार्च तक कुल पंजीकृत 1736 मामलों में से 1608 सीमांकन मामले निपटाए जा चुके हैं। वहीं ढीमरखेड़ा तहसील कुल 1736 पंजीकृत मामलों में से 1567 सीमांकन मामलों का निपटारा कर दूसरे स्थान है। जबकि विजयराघवगढ़ तहसील द्वारा तीसरे स्थान पर रहकर कुल पंजीकृत 1660 सीमांकन मामलों मे से 1425 सीमांकन मामलों का निराकरण किया गया है।

सीमांकन प्रकरणों के निपटारे के मामले में स्लीमनाबाद तहसील में पंजीकृत 1357 मामलों में से 1220 मामलों का निपटारा कर चौथे स्थान पर है। इसी प्रकार रीठी तहसील द्वारा पांचवे पायदान पर रहकर अब तक कुल पंजीकृत 1338 मामलों में से 1194 सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण किया गया है। जबकि छठवे स्थान पर बड़वारा तहसील द्वारा 1133 मामलों में से 1015 मामले, बरही तहसील द्वारा 1092 ममलो में से 961 मामले, तहसील बहोरीबंद द्वारा सीमांकन के पंजीकृत 1080 मामलों में से 902 मामलों, तथा कटनी तहसील द्वारा 1019 पंजीकृत मामलों में से 898 मामलों का निराकरण अब तक किया जा चुका है। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने राजस्व अधिकारियों को सीमांकन प्रकरणों के निराकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर ने शहडोल जिले के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में राजस्व से संबंधति, पीएम किसान, पीएम आवास, सीएम किसान, आर्थिक सहायता, खाद्य, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, जनजातीय विभाग सहित शासन द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से संबंधित शिकायतों के आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण हेतु अपर कलेक्टर सरोधन सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

### ससुराल गए युवक का हुआ विवाद, हुई हत्या

**कटनी।** समीपस्थ ग्राम पौसरा निवासी एक युवक की हत्या कर दी गई। दरअसल युवक होली पर त्योहार मनाने ससुराल गया था। जहां गांव के कुछ युवको से उसका विवाद हो गया। विवाद के कारण युवकों ने मारपीट करते हुए उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घटना के बाद घायल युवक को शासकीय जिला अस्पताल कटनी में भर्ती कराया गया था जहां पर उसकी मौत हो गई। जानकारी अनुसार कटनी के ग्राम पोसरा निवासी 26 वर्षीय हरप्रासद यादव पिता जियालाल यादव होली पर अपनी ससुराल जिला मैहर ग्राम धडेलीपुरा गया हुआ था। जहां अवैध शराब बेचने को लेकर उसके मना करने पर कुछ गांव के युवकों ने उस पर प्राण घातक हमला कर दिया। घटना में कटनी ग्राम पोसरा निवासी हरप्रसाद यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके साथ तीन अन्य युवक भी घायल हुए थे। जिन्हे शासकीय जिला अस्पताल कटनी इलाज हेतु लाया गया जहां इलाज के दौरान पोसरा निवासी युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायमी कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### रेल सफर के दौरान यात्री को आया हार्ट अटैक

**कटनी।** रेल सफर कर रहे एक यात्री को हार्ट अटैक आ गया। गनीमत रही कि उसे समय से उपचार मिल गया जिससे उसकी जान बच गई। दरअसल राउरकेला निवासी श्रीराम अवतार अग्रवाल वृन्दावन होली मनाकर अपने निवास उत्कल एक्सप्रेस से लौट रहे थे।।सफर के दौरान रास्ते रीठी में उन्हें मेजर अटैक आया। उन्होंने अपने परिजनों को सूचना दी।। परिजनों ने अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन कलकत्ता को सूचित किया। कलकत्ता से शरद सरावगी को सूचना मिली। शरद सरावगी ने समाजसेवी अजय सरावगी एवं साथियों के साथ तत्काल स्टेशन पहुंचकर समाज के चिकित्सक मनीष गट्टानी को भी सूचित किया मनीष गट्टानी ने भी आनन फानन में हास्पिटल पहुंच कर गहन चिकित्सा सेवाएं दी। श्री अग्रवाल इलाजरत है उनके स्वास्थ्य में सुधार बताया जा रहा है।

### भाइयों को तिलक लगाकर बहनों ने मनाया भाईदूज

**बड़वारा।** रंगों का पर्व रंगोत्सव के दूसरे दिन बड़वारा ग्राम में बहनों ने अपने अपने भाइयों को तिलक बन्दन कर भाई दूज पर्व बड़े ही खुशहाली पूर्वक मनाईं। बड़वारा एवम आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में भाई दूज पर्व के अवसर पर बहनों में उल्लास का माहौल दिखा। बहनों ने भाइयों को तिलक रोली लगाकर अपने भाइयों की सुख शांति की कामना कीं। भाई दूज पर्व भाई-बहन के बीच उनके आत्मीय प्रेम एवम पवित्र स्नेह का प्रतीक है। द्वितीया तिथि पर मनाया जाने वाला यह त्योहार होली के उत्सव के पश्चात आता है। भाई दूज त्योहार साल में दो बार मनाया जाता है दिवाली के परीवा के पश्चात दूज को एवम दूसरा होली के परीवा के पश्चात द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। भाई दूज के अवसर पर बहनों ने अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर ईश्वर से अपने अपने भाइयों की दीर्घायु सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

## पैसों का लेनदेन कर नियम विरुद्ध सहायिका भर्ती

# आपत्ति दर्ज होने पर मामले को डाला ठंडे बस्ते में

नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 6 में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका की भर्ती प्रक्रिया में सपना शर्मा ने परियोजना अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 6 में संचालित आंगनबाड़ी में सहायिका की पोस्ट पर भर्ती के लिए कार्यालय परियोजना अधिकारी द्वारा 28 अप्रैल 2023 को रिक्त जगह के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे ,

मानपुर।





जिसमें 6 अभ्यर्थियों ने आवेदन सहायिका पद के लिए किया था, जिसमें परियोजना अधिकारी राज नारायण सिंह द्वारा सभी आवेदनों की छानबीन करते हुए 5 अक्टूबर 2023 को अंतरिम सूची कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई, जिसमें आवेदिका शशि तिवारी पति कमलेश तिवारी को मेरिट के आधार पर प्रथम स्थान पर अंतरिम सूची में रखा गया था, इसके बाद आवेदिका सपना शर्मा ने कार्यालय परियोजना अधिकारी मानपुर में दावा आपत्ति दर्ज कराया, सपना शर्मा ने अंतरिम सूची पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया की अंतरिम सूची में मेरिट में आवेदिका शशि तिवारी को प्रथम स्थान दिया गया है, जबकि शशि तिवारी वार्ड नंबर 6 की निवासी नहीं है, बल्कि उनका निवास स्थान वार्ड नंबर 5 में है, जबकि नियमानुसार जिस वार्ड में सहायिका की भर्ती होनी है, आवेदक का नाम उसी वार्ड की वोटर लिस्ट में होना अनिवार्य है।

### भृत्य ने पीड़ित को भगाया

पीड़ित सपना शर्मा ने अनुविभागीय अधिकारी मानपुर के न्यायालय में 10 अक्टूबर 2023 को भर्ती के संबंध में हुए घोटाले की जांच कर प्रकाशित अंतरिम सूची को निरस्त करने की गुहार लगाई थी, साथ ही 18 अक्टूबर 2023 को कलेक्टर को आवेदन पत्र देकर परियोजना अधिकारी मानपुर द्वारा वार्ड क्रमांक 6 के आगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में सहायिका भर्ती प्रक्रिया में वार्ड क्रमांक 5 की निवासी शशि तिवारी का नाम अंतरिम सूची में प्रथम में रखे जाने पर आपत्ति दर्ज करते हुए न्याय की गुहार लगाई थी, जिसके बाद से परियोजना अधिकारी इस पूरे मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया था, लेकिन 9 माह बाद अचानक शशि तिवारी मानपुर के वार्ड क्रमांक 6 के आगनवाड़ी केंद्र 2 में सहायिका के रूप में काम करती देखी गई, तब भी पीड़ित सपना शर्मा द्वारा कार्यालय परियोजना अधिकारी मानपुर में संपर्क कर शशि तिवारी के आगनवाड़ी केंद्र में कार्यरत संबंधी जानकारी चाहिए गई तो, परियोजना अधिकारी मानपुर के भृत्य अरुण पांडे द्वारा पीड़ित को डांटकर कार्यालय से बाहर निकल जाने को बोला और कहा की तुम लगा लो जितना जोर लगाना है शशि तिवारी की भर्ती हो गई है।

### कलेक्टर से मांगा न्याय

पीड़ित आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर कार्यकर्ता अंजना द्विवेदी से शशि तिवारी की ज्वाइनिंग संबंधी कागज मांगने लगी तो, कार्यकर्ता अंजना द्विवेदी द्वारा बताया गया कि मुझे शशि तिवारी और परियोजना कार्यालय द्वारा अभी तक ज्वॉइनिंग संबंधी कोई भी आदेश प्राप्त नहीं हुआ है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि परियोजना अधिकारी मानपुर द्वारा पैसे का लेनदेन कर नियम विरुद्ध वार्ड क्रमांक 6 के आगनवाड़ी केंद्र 2में सहायिका की भर्ती दोबारा कर दी गई व अभी तक कार्यालय के नोटिस बोर्ड और कार्यकर्ता को शशि तिवारी के ज्वाइनिंग संबंधी कोई भी कागज चस्पा नही किया गया है , जिससे यह लगता है कि पैसों के खातिर परियोजना अधिकारी राज नारायण सिंह नियम विरुद्ध तरीके से भर्ती प्रक्रिया को अंजाम दिए हैं, पीड़ित ने कलेक्टर से मांग की है कि संपूर्ण मामले की जांच कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाये।

## शिव पालेश्वर धाम कुटिया वार्ड नंबर 2 में भागवत पुराण का समापन



बिरसिंहपुर पाली

शिव बालेश्वर धाम कुटिया मंदिर वार्ड नंबर 2 में सात दिवसीय भागवत पुराण का समापन भंडारे के साथ किया गया शिवपालेश्वर प्रबंधन समिति द्वारा यह भव्य आयोजन किया गया था समिति के अध्यक्ष श्री नरेश बर्मन नगर पालिका अध्यक्ष सुश्री शकुंतला प्रधान उपाध्यक्ष श्री राजेश पटेल व मंदिर के पुजारी श्री आनंद मिश्रा एवं समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने बढ़-चढ़कर इस धार्मिक आयोजन में सहभागी बने।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली में आवश्यक दावों की पूर्ति कराई जाएं

**बिरसिंहपुर पाली** नगर पालिका परिषद पाली में अंत्योदय समिति की बैठक में समिति के अध्यक्ष नरेश बर्मन द्वारा बैठक में उपस्थित पाली बीएमओ वी के जैन से आग्रह किया गया कि अक्सर देखा गया है कि अस्पताल में अति आवश्यक टीटी का इंजेक्शन एवं एविल का इंजेक्शन उपलब्ध नहीं रहता जिससे मरीजों को इन सस्ती दवाइयां के लिए अनावश्यक परेशान



परेशानी का सामना करना पड़ता है इसलिए डॉक्टर जैन से आग्रह किया गया है कि अपने प्रशासनिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए इन दावाओं को अस्पताल में उपलब्ध कराएंबैठक में उपस्थित महिला बाल विकास अधिकारी से आग्रह किया गया है कि आंगनबाड़ी केंद्र में बाटने वाली खाद्य पदार्थ जैसे पंजीरी एवं खिचड़ी को नियमित किया जाए जिससे कि कुपोषित बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से उपलब्ध हो सके जिससे उनकी शारीरिक ग्रोथ में कमी ना आए अतः नवजात बच्चों को कुपोषण से बचाया जा सके1



## 31 मार्च तक गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन कलेक्टर ने कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा की

शहडोल।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि बकाया धान उपार्जन की राशि जिन किसानों को अभी तक भुगतान नहीं किया गया उन किसानों का भुगतान कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गेंहू उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन भी कराएं। बैठक में बताया गया कि मसूर, चना, सरसों के उपार्जन के लिए पंजीयन 25 मार्च से 31 मई 2025 एवं गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन 31 मार्च 2025 तक निर्धारित किया गया, साथ ही गेंहू के समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग अनिवार्य है। बैठक में उप संचालक कृषि आर.पी.झारिया, जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक विपिन पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मऊगंज में घटित हुई हिंसक घटना के विरोध में रीवा बंद का सुबह से दिखा व्यापक असर

### प्रशासन ने नहीं दी थी अनुमति, फिर भी मुख्य बाजार ही नहीं मोहल्लों की दुकानें भी दिखी बंद

**रीवा।** मऊगंज के गढ़रा गांव में हुई हिंसक घटना में दो लोगों की मौत के बाद विभिन्न संगठनों ने आज 18 मार्च को रीवा बंद का आह्वान किया है। जिसके बाद सुबह से ही लोगों ने बंद का व्यापक समर्थन किया और मुख्य बाजार से लेकर छोटी-छोटी बाजारों में भी दुकान बंद नजर आई, इस पर प्रशासन की अनुमति नहीं है। बंद का आह्वान करने वाले लोगों के साथ प्रशासन की बैठक भी कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई थी। जहां पर एडीएम सपना त्रिपाठी, एडिशनल एसपी अनिल सोनकर, एसडीएम वैशाली जैन तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला सहित अन्य अधिकारियों ने संगठनों के प्रतिनिधियों को किसी तरह से सामान्य दिनचर्या बाधित नहीं करने के लिए कहा है। संगठनों की ओर से बि के माला ने कहा कि मऊगंज में जिस तरह से हिंसक घटना हुई है. उसका विरोध नहीं हुआ तो आने वाले समय में वर्ग संघर्ष की स्थिति बनेगी। पुलिस के अधिकारी की भी मौत हुई है। इससे आम जनमानस खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। बंद के लिए किसी पर दबाव नहीं बनाया गया बड़े व्यापारियों से लेकर छोटे व्यापारियों में भी इसका व्यापक समर्थन किया। इस बंद के दौरान स्वास्थ्य सेवाएं मेडिकल परिवहन, भोजन आदि की सेवाएं चालू दिखी, सुबह से ही विभिन्न संगठनों ने रीवा के कॉलेज चौराहा स्थित विवेकानंद पार्क में एकत्र होकर सैकड़ो की संख्या में संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन भी किया। कार्यकर्ताओं ने हाथ जोड़कर बंद में समर्थन करने के लिए व्यापारियों से अनुरोध किया, वही इस बीच पुलिस अलर्ट मोड़ में दिखाई दी। बता दे कि बंद को लेकर संगठनों ने एसडीएम हुजूर ज्ञापन पत्र सौपा गया है गौरतलब की गढ़रा गांव में रज्जन द्विवेदी उर्फ सनी की निर्मम हत्या कर दी गई थी और परिजनों के साथ भी मारपीट की गई थी। वही मामला सुलझाने पहुंची पुलिस पर भी हमला किया गया था, जिसमें एएसआई रामचरण गौतम की मौत हो गई। घटना में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने एवं सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही फास्टट्रैक कोर्ट में प्रकरण चलाए जाने के साथ शासकीय जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाए जाने के साथ दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। रीवा बंद का आवाहन करने वाले संगठनों के प्रतिनिधियों की शहर के सिरमौर चौराहा स्थित अटल पार्क में सोमवार बैठक आयोजित की गई। रूपरेखा के अनुसार सुबह से ही कॉलेज चौराहा में कार्यकर्ताओं की भीड़ दिखी, कॉलेज चौराहा में कतरा होकर कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर कार्यकर्ताओं ने व्यापारियों से बंद पर समर्थन करने के लिए अनुरोध किया (

## एनपीएस युपीएस को खत्म करने पर विरोध

शहडोल।




नेशनल फेडरेशन इंडियन रेलवे मेन के आह्वान पर 17 मार्च से 21 मार्च तक एनपीएस युपीएस को खत्म करने विरोध सप्ताह कार्यक्रम के तहत साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर मंडल ने 18 मार्च को बिलासपुर डीआरएम कार्यालय के सामने मंडल समन्वयक बिलासपुर विजय अग्निहोत्री व उप मंडल समन्वयक रविन्द्र कुमार धल के नेतृत्व में विशाल धरना प्रदर्शन किया, सभा में जोनल अध्यक्ष तपन चटर्जी की मुख्य उपस्थित रही। रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने बताया कि 11 ,12 फरवरी 2025 को नई दिल्ली में आयोजित एनएफआईआर के वर्किंग कमिटी मीटिंग में सभी रेल जोन के पदाधिकारियों ने प्रस्ताव रखा, एनएफआईआर यूपीएस का राष्ट्रीय स्तर पर विरोध कर ओल्ड पेंशन स्कीम दिलाने की चरणबद्ध आंदोलन करें, सभी जोन के प्रस्ताव एनएफआईआर के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. एम . राघवैया ने 17 मार्च से 21 मार्च तक पूरे भारतीय रेल के 17 जोन के इंटक रेल संगठन को एनपीएस युपीएस के विरोध सप्ताह प्रदर्शन का निर्देश दिया, साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण के निर्देश पर 18 मार्च बिलासपुर मंडल, 20 व 21 मार्च रायपुर मंडल एवं 21 मार्च नागपुर मंडल में विरोध सप्ताह के तहत धरना कार्यक्रम रखा है। बिलासपुर मंडल के धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम में रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर 13 शाखाओं के सैकड़ों पदाधिकारी सहित मजदूर कांग्रेस के केन्द्रीय पदाधिकारी डी.के.स्वाइन, बी.कृष्ण कुमार, आर.के.यादव, जी.एस.आइच, डी.डी.महेश, आर.के.सांडे आदि उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत की हुई कार्यवाही

# अवमानक दही का निर्माण एवं विक्रय करने पर 15 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले मे मिलावट से मुक्ति अभियान तथा खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत न्याय निर्णायक अधिकारी व अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी साधना परस्ते ने अमानक, खाद्य पदार्थ दही का निर्माण कर विक्रय करने पर प्रेम्स डेयरी शेर चौक के संचालक प्रेम नारायण वर्मा पिता लल्लीलाल वर्मा निवासी नगीना मस्जिद को 15 हजार रुपये के आर्थिक दंड से दंडित किया है।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत कार्यवाही का सिलसिला जारी है। जिसके तहत मिलावटी सामग्री का निर्माण एवं विक्रय करनें वाले प्रतिष्ठानों को सील करने, लाइसेंस व पंजीयन निलंबित करने सहित दांडिक कार्यवाही निरंतर जारी की जा रही है।



### यह है मामला

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओमप्रकाश साहू द्वारा विगत 24 जून 2023 को शेर चौक कटनी स्थित खाद्य प्रतिष्ठान प्रेम्स डेयरी का निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान मे खाद्य सामग्री दूध, दही, खोवा, पनीर इत्यादि का विक्रय हेतु संग्रहण होना तथा अनावेदक के पास खाद्य पंजीयन नहीं होना पाया गया। निरीक्षण के दौरान लूज दही एवं भैंस के दूध की गुणवत्ता पर संदेह होने पर प्रतिष्ठान संचालक एवं गवाहों की उपस्थिति में नियमानुसार पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण करते हुए सैंपल लिया जाकर खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल जांच हेतु भेजा गया। अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा 25 अक्टूबर 2023 को जांच हेतु भेजे गए दही के नमूने को अवमानक बताया गया।

रिपोर्ट प्राप्ति के पश्चात प्रतिष्ठान संचालक को नमूने की जांच रिपोर्ट की प्रति सहित नमूने के द्वितीय भाग को पुनः परीक्षण कराये जाने बाबत डाक पत्र से सूचित किया गया। अनावेदक द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर आवेदन को प्राप्त करने के पश्चात अपने जवाब में नया व्यापार होने के कारण खाद्य विभाग द्वारा निर्धारित मापदंड एवं नियमों की जानकार का आभाव होनें तथा बचे हुए गाय एवं भैंस के दूध को मिक्स कर दही या पनीर की बनानें तथा किसी भी प्रकार का भंडार नहीं किये जाने का उल्लेख करते हुए जानकारी के अभाव में उक्त त्रुटि होने का लेख करते हुए भविष्य में ऐसी गलती की पुर्नावृत्ति नहीं होने का लेख किया गया।

न्याय निर्णायक अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते द्वारा प्रकरण में सुनवाई उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धाराओं का उल्लंघन पाए जाने तथा लोक स्वास्थ्य हित में खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत जुर्माने से दंडित होने के कारण मानक अधिनियम 2006 की धारा 51 के प्रावधानों उल्लंघन करने तथा दंड का भागी पाये जाने पर प्रेम्स डेयरी के संचालक प्रेमनारायण वर्मा पिता श्री लल्लीलाल वर्मा निवासी नगीना मस्जिद के पास कटनी को 15 हजार रुपये के आर्थिक दंड से दंडित किया गया है।

### तीस दिवस में जमा करनी होगी अर्थदंड राशि

उपरोक्त अर्थदंड की राशि निर्धारित ट्रेजरी चालान के माध्यम से तीस दिवस के भीतर जमा कर चालान की प्रति अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी न्यायालय मे प्रस्तुत करनी होगी। अन्यथा की दशा मे खाद्य कारोबार कर्ता के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी।

## 89.36 फीसदी सीमांकन प्रकरणों का निपटारा, कटनी नगर अग्रणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आम नागरिकों की राजस्व संबंधी समस्या के निराकरण हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा जिले मे सीमांकन प्रकरणों के निराकरण हेतु दुत गति से कार्यवाही की जा रही है। सोमवार 17 मार्च की स्थिति में जिले की 9 तहसीलों के 31 न्यायालय में प्राप्त कुल 12 हजार 151 सीमांकन प्रकरणों में 10 हजार 858 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है तथा 1293 सीमांकन प्रकरण निराकरण हेतु शेष है। कलेक्टर नें राजस्व अधिकारियों को शेष प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए है।

सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के मामले में जिले की कटनी नगर तहसील पहले स्थान पर है। यहां सोमवार 17 मार्च तक कुल पंजीकृत 1736 मामलों में से 1608 सीमांकन मामले निपटाए जा चुके हैं। वहीं ढीमरखेड़ा तहसील कुल 1736 पंजीकृत मामलों में से 1567 सीमांकन मामलों का निपटारा कर दूसरे स्थान है। जबकि विजयराघवगढ़ तहसील द्वारा तीसरे स्थान पर रहकर कुल पंजीकृत 1660 सीमांकन मामलों मे से 1425 सीमांकन मामलों का निराकरण किया गया है।

सीमांकन प्रकरणों के निपटारे के मामले में स्लीमनाबाद तहसील में पंजीकृत 1357 मामलों में से 1220 मामलों का निपटारा कर चौथे स्थान पर है।

## खबर संक्षेप

### आज द्विवार्षिक अधिवेशन का होगा आयोजन

**अनूपपुर।** साउथ ईस्ट सेंट्रल रेल्वे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के सचिव रामदास राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि अध्यक्ष आशादीप तिर्की, उपाध्यक्ष जयंतो दास गुप्ता तथा समस्त मजदूर कांग्रेस परिवार शाखा अनूपपुर द्वारा 19 मार्च को सायं 7 बजे साउथ ईस्ट सेंट्रल रेल्वे मजदूर कांग्रेस शाखा कार्यालय अनूपपुर में संगठन का द्विवार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम संपन्न होना सुनिश्चित किया गया है। उक्त द्विवार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम जोनल महामंत्री पिताम्बर लक्ष्मी नारायण, जोनल अध्यक्ष तपन चटजी, जोनल कार्यकारीअध्यक्ष लक्ष्मण राव, मण्डल समन्वयक एवं संयुक्त महामंत्री विजय अग्निहोत्री एवं उपमण्डल समन्वयक और संयुक्त महामंत्री रवीन्द्र कुमार धल, जोनल केन्द्रीय कोषाध्यक्ष डी.के. स्वाइन, संयुक्त महामंत्री बी. कृष्ण कुमार, संयुक्त महामंत्री राजेश खोपरागढ़े, सहसंयुक्त महामंत्री रामकुमार यादव मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में संपन्न होगा।

### निर्माणाधीन नवीन जिला चिकित्सालय भवन का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**अनूपपुर।** दिनों दिन जिले में मरीजों की बढ़ती संख्या और पुराने जिला चिकित्सालय भवन में ज्यातदा दबाव पड़ने से समय पर लोगो को इलाज नहीं मिलने से परेशान हो रहे हैं। वहीं भारत सरकार की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने जिले के जिला चिकित्सालय में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए कार्यक्रम ने शुरू किया है। जिसके तहत अगामी 20 से 22 मार्च को एक टीम निरीक्षण को आ रहीं जो भारत सरकार के नियमों के अनुसार हैं या नहीं इसे देखेगी वहीं निर्माणधीन नवीन जिला चिकित्सालय भवन का कार्य अभी तक पूर्ण नहीं होने से चिकित्सों को भी परेशानी हो रही हैं। मंगलवार की शाम कलेक्टर हर्षल पंचोली ने निर्माणाधीन नवीन जिला चिकित्सालय भवन का निरीक्षण कर ठेकेदार की लापरवाही पर मौजूद निर्माण एजेंसी को लोगो को जमकर फटकार लगाते हुए ठेकेदार को रहकर 10 दिनों में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये साथ ही कहा कि अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने निर्माणधीन नवीन जिला चिकित्सालय भवन का निरीक्षण के दौरान सभी कमरों का बरीकी से निरीक्षण करते हुए विद्युत फिटिंग, वातानुकूलित सहित चिकित्सा में उपयोग आने वाली सामग्री के साथ शल्य चिकित्सा के दौरान उपयोग होने वाले सामग्री को तत्काल लगाने के निर्देश दिए। साथ निर्माण एजेंसी को निदेशित करते हुए कहा कि ठेकेदार को रहकर कार्य करायें। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी पीआईयू को दिन में 4 बार प्रगति रिपोर्ट देने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सिविल सर्जन एसबी अवधिया सहित अन्य संबंधित जन उपस्थित रहें।

## जांच के बदले मूल्यांकनकर्ता को मिलेगी राशि तो गलती पर जुर्माना भी लगेगा

# 10वीं-12वीं के आंसर शीट के मूल्यांकन में कोई कमी नहीं होगी बर्दाश्त

**पहले चरण का मूल्यांकन शुरू, तीन स्तरों पर होगा मूल्यांकन**

**जिले मे शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर को बनाया गया मूल्यांकन केन्द्र, प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा आदेश लागू**

एमपी बोर्ड ने परीक्षाओं के संचालन के साथ ही कॉपी चेकिंग का काम शुरू कर दिया है, लेकिन माध्यमिक शिक्षा मंडल के एक आदेश ने कॉपी चेक करने वालों की टेंशन बढ़ा दी है। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने मूल्यांकनकर्ताओं में कसावट लाने के लिए मूल्यांकान को तीन स्तरों पर बांटा है। इसके बाद भी अगर कॉपी चेक करने में गड़बड़ी होती है तो संबंधित मूल्यांकनकर्ता पर कार्रवाई की जाएगी। जिले मे हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूल परीक्षा के मूल्यांकन के लिए मूल्यांकन केंद्र शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर को बनाया गया है।

अनूपपुर।





म.प्र. माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 की उत्तर पुस्तिकाओं के केन्द्रीय मूल्यांकन हेतु शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर को मूल्यांकन केन्द्र एवं संस्था प्राचार्य को मूल्यांकन केन्द्राधिकारी नियुक्त किया गया है। 13 मार्च को मूल्यांकन केंद्र शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूल परीक्षा का मूल्यांकन कार्य अपर कलेक्टर एवं प्रेक्षक दिलीप पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी टीआर आर्मो, मूल्यांकन केन्द्राधिकारी अजय जैन के देखरेख में मूल्यांकन कार्य कड़ी सुरक्षा के बीच प्रारंभ हुआ। मूल्यांकन कार्य सुचारू रूप से संचालित हो इसके लिए मूल्यांकन केंद्र पर दो सहायक मूल्यांकन केंद्र अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। 13 मार्च को हाईस्कूल परीक्षा के हिंदी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम विषय एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा के हिंदी एवं अंग्रेजी विषय का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ किया गया। मूल्यांकन की गरिमा एवं गोपनीयता के उद्देश्य से समस्त परीक्षकों को पूर्व में दो बार प्रशिक्षण दिया जा चुका है। 13 मार्च को भी मूल्यांकन प्रारंभ होने के पूर्व सभी उपस्थित मूल्यांकन कर्ताओं को जिला शिक्षा अधिकारी एवं मूल्यांकन केंद्र अधिकारी के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। मूल्यांकन कर्ताओं को परिसर में मोबाइल लाने पर पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। मूल्यांकन का समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस अवधि में कोई भी परीक्षक मूल्यांकन केंद्र के बाहर नहीं जा सकता है। परीक्षको को आने एवं जाने पर उपस्थित पंजी में हस्ताक्षर एवं समय का उल्लेख करना आवश्यक है।

### प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा आदेश लागू

मूल्यांकन केन्द्र पर या उसके आसपास कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति एकत्रित नहीं हो एवं मूल्यांकन कार्य की गोपनीयता बनी रहे, इस हेतु मूल्यांकन केन्द्र परिसर में अनाधिकृत प्रवेश को रोकने तथा व्यवस्था बनाये रखे जाने के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने समस्त जन साधारण के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिता की धारा-163 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर परिसर में संचालित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 की उत्तरपुस्तिकाओं के केन्द्रीय मूल्यांकन हेतु प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा आदेश 13 मार्च से आगामी एक माह तक की अवधि के लिए लागू किया है। आदेशानुसार उक्त क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थल पर आग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेगा। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक रूप से खतरनाक हथियार/पदार्थ लेकर नहीं चलेगा। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थल पर पटाखों का उपयोग नहीं करेगा। कोई भी जुलूस, रैली, आमसमा सक्षम अधिकारी की अनुमति के बगैर आयोजित नहीं होगी। कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग नहीं करेगा। उक्त क्षेत्र में उपरोक्त अवधि में सोडा वाटर व कांच की बोतलें, ईटों के टुकड़े, पत्थर एवं एसिड का संग्रहण एवं साथ लेकर चलना वर्जित रहेगा। यह आदेश मजिस्ट्रेट डियूटी एवं पुलिस अधिकारी/कर्मचारी ड्यिूटी पर कार्यरत व्यक्तियों पर लागू नही होगा। यह आदेश शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर परिसर में आने-जाने वाले आम जनता पर लागू होगा।

### तीन स्तरों पर होगा मूल्यांकन का कार्य

एमपी बोर्ड का मूल्यांकन इस बार तीन स्तर पर किया जाएगा। इसके लिए मूल्यांकनकर्ताओं को ट्रेनिंग भी दी गई है। इस संबंध में एमपी बोर्ड ने आदेश भी जारी किया है। इसके तहत कॉपियों का मूल्यांकन मुख्य परीक्षक, उप मुख्य परीक्षक और परीक्षक स्तर पर किया जाएगा। अगर किसी परीक्षार्थी ने एक ही उत्तर को कई बार लिखा है, तो इसकी गणना एक ही बार की जाएगी। परीक्षक के कॉपी जांचने के बाद उप मुख्य परीक्षक आंसर शीट की दोबारा जांच करेंगे, जिसमें कोई त्रुटि की गुंजाइश न रह जाए। इसके बाद इसका परीक्षण मुख्य परीक्षक स्तर पर भी किया जाएगा।

### एवरेज नंबर देने वालों पर रहेगी नजर

एमपी बोर्ड के आदेश में कहा गया है कि ज्यादा कॉपियों चेक करने के लिए अगर मूल्यांकनकर्ता खानापूर्ति करता है या एवरेज मार्किंग करते हुए आगे बढ़ता है, तो ऐसे लोगों पर नजर रखी जाएगी। अधिकारी तत्काल ऐसे मूल्यांकनकर्ताओं पर कार्रवाई करेंगे। परीक्षक कॉपी जांचने के साथ उत्तरपुस्तिकाओं के अंक भी ऑनलाइन अपलोड करते जाएंगे। इस दौरान भी अगर गलतियां हुई तो परीक्षक और उप मुख्य परीक्षक के खिलाफ कार्रवाई होगी। गौरतलब है कि पहले चरण का मूल्यांकन शुरु हो गया है, जबकि अगले चरण का मूल्यांकन 21 मार्च से शुरु होगा।

### एक दिन में इतनी कॉपियों की जांच

एक दिन में एक शिक्षक को न्यूनतम 30 और अधिकतम 45 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना है। गौरतलब है कि एमपी बोर्ड के इस आदेश के बाद कॉपी जांचने वाले शिक्षक सतर्क होने के साथ चिंतित भी हो रहे हैं, वहीं विभाग का कहना है कि ये फैसला उनमें कसावट लाने के लिए है।

### लापरवाह मूल्यांकनकर्ताओं पर लगेगा जुर्माना

माशिमं ने यह भी निर्देश दिया है कि जिन छात्रों के 90% से अधिक अंक आएंगे, उनकी कॉपियों की दोबारा जांच की जाएगी। इन कॉपियों को विषय शिक्षक के साथ-साथ मुख्य परीक्षक और उप मुख्य परीक्षक भी जांचेंगे। इसके अलावा, मेरिटोरियस छात्रों की कॉपियों की भी पुनः जांच होगी। मंडल ने कॉपी जांचने के लिए शिक्षकों को 10वीं की प्रति कॉपी की जांच पर भुगतान करने का निर्णय लिया है। साथ ही, कॉपी जांचने में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर 100 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।



## सभी एसडीओपी, थाना एवं चौकी प्रभारियो की मीटिंग की गई आयोजित

**पुलिस अधीक्षक ने की अपराधों की समीक्षा**

**अनूपपुर।** 18 मार्च को सोन सभागार, कलेक्ट्रेट कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की मीटिंग आयोजित कर अपराधों की समीक्षा की गई। बैठक में लंबित अपराधों, महिला संबंधी अपराधों, पॉक्सो एक्ट के प्रकरणों, लंबित मर्ग और चालानों की थाना-वार समीक्षा की गई वही रंगपंचमी, चैत्र नवरात्रि और ईद-उल-फितर के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। इसी तरह मोबाइल गुमने की शिकायतों को **CEIR** पोर्टल में दर्ज करने व साइबर फ्रॉड संबंधी शिकायतों को **NCRP** पोर्टल में दर्ज करने का आदेश दिया गया तो धारा 173(8) के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश प्रदान किये गये। **NDPS** एक्ट, पशु तस्करी, धारा 34(2) के अंतर्गत जब्त वाहनों को राजसात करने की प्रक्रिया तेज करने के साथ ही जब्तशुदा मादक पदार्थों के ड्रग विनष्टीकरण की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये गये साथ ही चिन्हित अपराधों, महिला संबंधी अपराधों को संवेदनशीलता से लेने व **SC/ST** एक्ट के राहत प्रकरणों एवं लंबित वारंटों की तामील में तेजी लाने के निर्देश के अलावा सीएम हेल्पलाइन और समाधान ऑनलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के आदेश दिये गये। गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाने व थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र में भ्रमण बढ़ाने के निर्देश पारित किया गया। उक्त अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान, अति.पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मन्सूरी, एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा, एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य, एसडीओपी पुष्पराजगढ़ नवीन तिवारी, डीएसपी(अ) एन.एस.ठाकुर, रक्षित निरीक्षक अनूपपुर श्रीमती ज्योति दुबे, थाना प्रभारी कोतवाली निरी. अरिवन्द जैन, थाना प्रभारी चचाई निरी.राकेष उईके, थाना प्रभारी जैतहरी उनि.विपुल शुक्ला, थाना प्रभारी भालूमाड़ा निरी.संजय खलखो, थाना प्रभारी कोतमा निरी.सुन्द्रेष मरावी, प्रभारी थाना बिजुरी निरी. विकास सिंह, थाना प्रभारी रामनगर उनि. सुमित कौषिक, थाना प्रभारी राजेन्द्रग्राम निरी. बीरेन्द्र बरकडे, थाना प्रभारी अमरकंटक निरी. लालबहादुर तिवारी, थाना प्रभारी करनपठार निरी. पी.सी.कोल, चौकी प्रभारी फुनगा उनि.सोने सिंह परस्ते, चौकी प्रभारी देवहरा उनि.रंगनाथ मिश्रा, चौकी प्रभारी वेंकटनगर उनि.अमरलाल यादव, चौकी प्रभारी सरई उनि. मंगला दुबे एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के स्टॉफ उपस्थित रहे।

## रंगपंचमी से बदलेगा जिले में मौसम का रंग, मौसम विभाग की तेज आंधी और बारिश की चेतावनी

अनूपपुर।

प्रदेश में इस बार रंगपंचमी का त्योहार मौसम के नए रंग लेकर आ रहा है। 19 मार्च से प्रदेश के आधे हिस्से में बारिश और तेज हवाओं का दौर शुरु हो सकता है। मौसम विभाग ने शहडोल सहित जबलपुर, ग्वालियर, चंबल, नर्मदापुरम, रीवा और सागर संभाग में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का अलर्टमौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में दो अलग-अलग साइक्लोनिक सिस्टम सक्रिय हैं। इन सिस्टमों के कारण पिछले 5 दिनों से हल्की बारिश और आंधी का सिलसिला जारी है। लेकिन रंगपंचमी यानी आज 19 मार्च से प्रदेश में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदलने वाला है। अगले तीन दिन प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है, जिससे दिन के तापमान में भी गिरावट आ सकती है।



### बदलते मौसम का सिलसिला

मौसम विभाग के विशेषज्ञों के मुताबिक, 19 मार्च से 21 मार्च तक प्रदेश में मौसम का रंग बदलने वाला है। शहडोल सहित ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, नर्मदापुरम, रीवा, सागर संभाग में तेज आंधी और बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। इन इलाकों में हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है, जिससे कुछ इलाकों में परेशानी हो सकती है। त्योहार के दौरान मौसम गीला और ठंडा रहेगा।

### आगामी मौसम की भविष्यवाणी

मध्यप्रदेश में बीते एक सप्ताह से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। तेज हवाओं और बारिश का असर खेतों में खड़ी रबी की फसलों पर भी पड़ सकता है। खासतौर पर चना, गेहूं और सरसों की फसल को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। मौसम विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे फसल की कटाई और भंडारण में सतर्कता बरतें। साथ ही, मौसम के बदलाव को देखते हुए किसानों को अपने खेतों में उचित उपाय करने चाहिए। मौसम विभाग ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि 19 मार्च से अगले तीन दिन तक तेज आंधी और बारिश के दौरान सतर्क रहें। तेज हवाओं के समय पेड़ों और कच्चे निर्माणों से दूरी बनाएं और मौसम के ताजा अपडेट पर नजर रखें।

## कलेक्टर ने की जन की सुनवाई 59 आवेदनों पर त्वरित निराकरण के दिये निर्देश



**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, एसडीएम अनूपपुर सुधाकर सिंह बघेल, तहसीलदार अनूपपुर अनुपम पाण्डेय एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगणों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में 59 आवेदन पत्रों में सुनवाई की गई। जनसुनवाई में ग्राम डोंगरियाकला तहसील कोतमा की श्रीमती ऊषा बाई ने उनके निजी भूमि पर स्थगन आदेश के बाद भी दबंगों द्वारा पुनः अवैध निर्माण किए जाने, ग्राम बकेली तहसील अनूपपुर की छितिया बाई ने बीपीएल राशन कार्ड बनाए जाने, ग्राम क्योंटार तहसील जैतहरी की पिंकी राठौर ने मोजर बेयर कंपनी में नौकरी दिलाए जाने, ग्राम पयारी तहसील अनूपपुर के अमृतलाल ने निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना की सहायता राशि दिलाए जाने, वार्ड नंबर 12 नगर परिषद डोला के अनिल कुमार पाव ने पशुपालन विभाग द्वारा बैंक ऋण एवं बकरी पालन हेतु अनुदान राशि दिलाए जाने, वार्ड नंबर 10 अनूपपुर के दशरथ प्रसाद राठौर ने विक्रय किए गए धान की राशि दिलाए जाने, वार्ड नंबर 10 कोतमा के लक्ष्मी नारायण पटेल ने मुद्रा योजना के तहत ऋण प्रदाय किए जाने, ग्राम कदमटोला तहसील कोतमा के अमृतलाल पटेल ने जाति प्रमाण पत्र बनवाए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

**न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 01 कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.)**

प्रो. क्र.849/2025 उ.प्र.क्र./2025
आदेश दिनाक तारीख पेशी दिनांक 15/04/2025

(01) श्रीमती सुधा सिंह उम्र लगभग 53 वर्ष पुत्री स्व. कपिल मुनी सिंह पति रामेश्वर सिंह (02) श्रीमती सरिता सिंह उम्र लगभग 46 वर्ष पुत्री स्व. कपिल मुनी सिंह पति अरविन्द सिंह (03) विजय कुमार सिंह उम्र लगभग 36 वर्ष आत्मज स्व. कपिल मुनी सिंह (04) श्रीमती राखी सिंह उम्र लगभग 34 वर्ष पुत्री स्व. कपिल मुनी सिंह पति अखण्ड ज्योति चतुर्वेदी सभी मूल निवासी ग्राम वसियाखोर पो. व थाना व तह. खजनी जिला गोरखपुर उत्तर प्रदेश 273212 हाल निवासी राजनगर स्टोर के पास बी टाइप कालोनी के पास पो. राजनगर कालरी थाना रामनगर तह. कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.) 484446.........आवेदिकागण

बनाम

(01) शाखा प्रबंधक सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया शाखा न्यू राजनगर कालरी पो. राजनगर कालरी जिला अनूपपुर (म.प्र.) 484446 (02) अजय कुमार सिंह उम्र लगभग 39 वर्ष आत्मज स्व. कपिल मुनी सिंह मूल निवासी ग्राम वसियाखोर पो. व थाना व तह. खजनी जिला गोरखपुर उत्तर प्रदेश 273212 हाल निवासी राजनगर स्टोर के पास बी टाइप कालोनी के पास पो. राजनगर कालरी थाना रामनगर तह. कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.) 484446 (03) सर्व साधारण (आम जनता).........अनावेदकगण

01. यह कि आवेदकगण क्र0 01, 02, 03, 04 और अनावेदक क्र. 02 के पिता कपिल मुनी सिंह आत्मज रामपति सिंह थे, जिनके नाम से सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया की शाखा न्यूराजनगर कालरी तह. कोतमा जिला अनूपपुर म.प्र. बैंक मे एक नग दस लाख रुपये की एफ.डी. है जिसका खाता क्र. 3383652958 दिनांक 10.09.2014 है, जिसमे उक्त कपिल मुनी सिंह की मृत्यु दिनांक 01.11.24 को हो चुकी है। उक्त मृतक कपिल मुनी सिंह की पत्नी अर्थात आवेदकगण क्र. 01, 02, 03, 04 और अनावेदक क्र. 02 की माता श्रीमती देवन्ता सिंह की मृत्यु पूर्व मे दिनांक 06.06.2016 मे हो चुकी है। उक्त कपिल मुनि सिंह के नाम उक्त एफ.डी. की राशि के भुगतान हेतु आवेदकगण आपने और अनावेदक क्र. 02 को बराबर बराबर हिस्से मे भुगतान हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बावत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किये हैं आवेदन पत्र के अनुसार आवेदकगण और अनावेदक क्र. 02 उक्त कपिल मुनी सिंह के वैध उत्तराधिकारी है। जिसकी सुनवाई दिनांक 15.04.2025 को प्रात: 11 बजे इस न्यायालय में नियत है। अतः सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि उक्त अनावेदक क्र. 01, के कार्यालय मे जमा सम्पूर्ण राशि के संबंध मे आवेदकगण और अनावेदक क्र. 02 के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने मे यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपना पक्ष समर्थन इस न्यायालय मे दिनांक 15.04.2025 को प्रात: 11 बजे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे। उक्त दिनांक तक आपत्ति नही होने पर आवेदन पत्र की सुनवाई किया जाकर आदेश पारित कर दिया जायेगा। उक्त दिनांक को किसी कारण अवकाश घोषित होने पर आवेदन पत्र की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को होगी।

**व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 01 कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.)**

# कल्याणिका का वार्षिक परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

अमरकंटक।

शैक्षिक संस्थानों में अपनी अलग पहचान बनाने वाली संस्था कल्याणी का केंद्रीय शिक्षा निकेतन विद्यालय अमरकंटक जिसका संचालन श्री कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक के द्वारा किया जाता है। अमरकंटक मे विद्यालय को लगभग 26 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और हर वर्ष अपने विद्यार्थियों के मेहनत और शिक्षको के अथक प्रयास से अच्छे परिणाम बनते जा रहा है और सबसे सामूहिक प्रयास से विद्यालय दिन प्रतिदिन ऊंचाईयों तक बढ़ता जा रहा है और इस वर्ष भी कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन विद्यालय अमरकंटक के छात्र-छात्राओं के लगन व शिक्षकों के अथक प्रयास से केजी वन से लेकर कक्षा नवमी एवं कक्षा ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्राचार्य कमलेश मिश्रा ने बताया कि परम पूज्य बाबा कल्याण दास जी के आशीर्वाद से एवं परम पूज्य स्वामी हिमाद्री मुनि जी की कृपा से विद्यालय नित्य नई ऊंचाई को छूता जा रहा है। इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा विद्यालय के होनहार छात्र और छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया व पूरे विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100% रहा जिसमें कक्षा केजी वन में प्रणय साहू प्रथम देवासी विश्वास नमामि द्वितीय एवं नील जैन तीर्थ स्थान कक्षा केजी टु में प्रथम स्थान पर प्रणवी पटेल द्वितीय स्थान पर सार्थक मिश्रा एवं तृतीय स्थान पर आशीष सेन कक्षा एक में प्रथम स्थान पर सृष्टि द्विवेदी द्वितीय स्थान पर गूंजेता श्रीवास तृतीय स्थान पर तृषा सेठ एवं कक्षा द्वितीय में प्रथम स्थान पर दिवशी द्विवेदी द्वितीय स्थान पर श्रुति गुप्ता तृतीय स्थान पर सात्विक गवले



कक्षा 3 में प्रथम स्थान पर अजितेश पांडे द्वितीय स्थान पर आराध्या सिंह तृतीय स्थान पर वेदांश खेमका कक्षा 4 में प्रथम स्थान पर सजल सिंह द्वितीय स्थान पर आलिया अली तृतीय स्थान पर मनस्वी तिवारी कक्षा 5 में प्रथम स्थान पर आरूती पिटानिया द्वितीय स्थान पर अनुभव अग्रवाल तृतीय स्थान पर अवंतिका जैन कक्षा 6 में ए ग्रुप में प्रथम स्थान पर सक्षम जैन द्वितीय स्थान पर रुद्राक्ष सिंह तृतीय स्थान पर देवांश गुप्ता एवं कक्षा 6 ग्रुप बी में प्रथम स्थान पर आर्यन बंजारा द्वितीय स्थान पर दक्ष कुमार परस्ते तृतीय स्थान पर विराज पांडे एवं कक्षा 7 में समूह ए में प्रथम स्थान अरनव सिंह बघेल द्वितीय स्थान में रितिक मनोठिया तृतीय स्थान में नित्य गुप्ता कक्षा सात सी में प्रथम स्थान पर स्पर्श साहू द्वितीय स्थान पर अरनव सिंह बघेल तृतीय स्थान पर विधान चंद्रवंशी कक्षा 8 समूह ए में प्रथम स्थान पर स्तुति द्विवेदी द्वितीय स्थान पर खुशी खत्री तृतीय स्थान पर जिज्ञासा गुप्ता कक्षा 8 भी में प्रथम स्थान पर दिव्यांशी पांडेय द्वितीय स्थान पर तनु जायसवाल तृतीय स्थान पर आरजू धुर्वे कक्षा 9 समूह ए में प्रथम स्थान पर अनन्या सिंह द्वितीय स्थान पर मृणाल मित्तल तृतीय स्थान पर अवनी गुप्ता कक्षा 9 समूह सी में प्रथम स्थान पर सौम्या राय द्वितीय स्थान पर शुभ गुप्ता एवं वनी जैन तृतीय स्थान पर पीहू सेजल कक्षा 9 समूह भी सी में प्रथम स्थान पर शिवप्रिया शुक्ला तृतीय स्थान पर तृप्ति साहू तृतीय स्थान पर अनन्य पांडे कक्षा 11 साइंस ग्रुप में प्रथम स्थान पर यश प्रताप सिंह टूटी स्थान पर सत्यम कुमार जायसवाल तृतीय स्थान पर कीर्ति पाठक कक्षा 11 कॉमर्स ग्रुप में प्रथम स्थान पर भविष्य शराब द्वितीय स्थान पर अथर्य गुप्ता तृतीय स्थान पर आस्था जैन प्राप्त किया। परीक्षा परिणाम घोषित करने के लिए विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महंत हनुमान दास जी महाराज एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उमाशंकर पांडे पत्रकार अमरकंटक श्रवण उपाध्याय पत्रकार अमरकंटक एवं धनंजय तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उद्घाटन में अतिथियों के द्वारा मां वीणावादिनी माता सरस्वती की मूर्ति के सामने दीप प्रजवलन कर पूजा अर्चन के पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसमें विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं साल भर मे छात्र-छात्राओं शिक्षकों के कड़ी मेहनत एवं हमारा विद्यालय परिवार बच्चों को कैसे शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी करने के लिए कैसे काम करता है वह सब कार्यक्रम की रूपरेखा बताई तत्पश्चात अतिथियों के द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व अंक सूची प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हनुमान दास जी महाराज ने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिए।